हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार, 8 जून 2024

तापमान
अधिकतम 42 .5 डिग्री
न्यूनतम 27 .0 डिग्री

9 मई माह में पुलिस ने विभिन्न आपराधिक मामलों में 427 आरोपियों पर कसा शिकंजा



10 एक जुलाई से नियमित गाड़ी संख्या से संचालित होगी 50 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें



## खबर संक्षेप

### गोदाम में सेंध लगाकर एसी व सामान चोरी

**धारूहेड़ा।** खटावली के निकट एक कंपनी के गोदाम का ताला तोड़कर चोर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में गुरुग्राम के जाटौली निवासी संदीप चौहान ने बताया कि वह कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। रात के समय चोर कंपनी के गोदाम का ताला तोड़कर एक एसी, एक आरओ व 4 बड़ी बैट्री चोरी कर ले गए। आसपास पता करने के बाद भी चोरों का कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### मारपीट व धमकी देने के दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बावल थाना पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर 12 मई को दर्ज किए गए केस में चांदूवास निवासी संतोष देवी को गिरफ्तार किया है। सिटी पुलिस ने गत 12 अप्रैल को दर्ज किए गए केस में मूल रूप से यूपी के मेरठ निवासी एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया है। दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दो भाइयों के साथ मारपीट में तीन नामजद

**नाहड़।** नेहरूगढ़ में जमीनी विवाद के चलते दो भाइयों से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में मूलचंद ने बताया कि वह और उसका भाई कृष्ण जमीन की पैमाइश कराने के लिए नक्शानवीस को लेकर आए थे। उसी समय धर्मसिंह, उसकी पत्नी व बेटे ने नक्शानवीस को धमकाकर वहां से भाग दिया। उसने विरोध किया तो तीनों ने मिलकर उसके और उसके भाई के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। उसके सिर पर ईंट से हमला किया गया। पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### महिला से छेड़छाड़ करने के आरोपी को भेजा जेल

**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव में महिला के साथ मारपीट करने और छेड़छाड़ करने के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर 5 मई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की थी। पुलिस ने महिला का सामान्य अस्पताल से मेडिकल कराया था। इस मामले में एक आरोपी हर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश करने पर उसे भोंडसी जेल भेजने के आदेश जारी हुए। उसे एस्कोर्ट गार्द के हवाले कर दिया गया।

### लक्ष्मी नगर से एक व्यक्ति घर से लापता

**रेवाड़ी।** लक्ष्मीनगर से करीब 53 वर्षीय व्यक्ति रात के समय घर से लापता हो गया। पुलिस शिकायत में जाट भूरथल निवासी कांता देवी ने बताया कि वह लक्ष्मीनगर में रह रही है। 30 मई की रात उसका पति सुनील दत्त अचानक घर से लापता हो गया। इसके बाद उसने अपने पति की तलाश शुरू की। रिश्तेदारियों और दूसरे स्थानों पर पता करने के बाद भी उसके पति को कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद लापता की तलाश शुरू कर दी।

### प्रोडक्शन वारंट पर लिए मारपीट के आरोपी

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पांच आरोपियों को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर 9 मई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने गोडड़ा निवासी मोहित, बोहका निवासी प्रवीन, जयप्रकाश और महेंद्रगढ़ के भोजावास निवासी संजय व कृष्ण को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है।

### हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना के तहत साल में एक हजार किलोमीटर फ्री यात्रा करेंगे लाभार्थी

# हैप्पी परिवहन यात्रा का लाभ शुरू, चौबीस सौ से अधिक लाभार्थियों को मिले कार्ड







रेवाड़ी। बस स्टैंड पर हैप्पी कार्ड लेने के लिए आवेदकों की कतार, रोडवेज कार्यालय में हैप्पी कार्ड लेते लाभार्थी, रोडवेज डिपो कार्यालय में रखे हैप्पी कार्ड। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना के तहत पात्र लोगों को रोडवेज में फ्री यात्रा का लाभ मिलना शुरू हो गया है। जिले में अब तक 2419 लाभार्थियों को हैप्पी कार्ड दिए जा चुके है। शुक्रवार को 207 लाभार्थियों को हैप्पी कार्ड वितरित किए गए। प्रथम चरण में 7 से 15 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन करने वाले करीब 3600 लोगों के हैप्पी कार्ड बनाए गए थे। लोकसभा चुनाव होने के बाद इसके बाद आवेदन करने वाले लोगों के हैप्पी कार्ड भी तैयार किए जा रहे है। रोडवेज डिपो में 24014 हैप्पी कार्ड बनकर आ चुके है। सभी लाभार्थियों को हैप्पी कार्ड लेने के लिए मोबाइल पर मैसेज भेज दिए गए है।

आवेदकों के पास आए मैसेज में रेफ्रेंस नंबर, सिक्वेंस नंबर व ओटीपी होगा। इसी के जरिए कार्ड का पता लगेगा। सरकार ने हैप्पी कार्ड बनाने का ठेका एयू स्माल बैंक व आरियन प्रो कंपनी को दिया हुआ है, जिनकी ओर से कार्ड बनाकर रोडवेज विभाग को भेजे जा रहे है।

#### एक हजार किमी तक मिलेगा यात्रा का लाभ

योजना के तहत एक लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवार के सदस्य को प्रति वर्ष हरियाणा रोडवेज की बसों में एक हजार किलोमीटर तक निःशुल्क यात्रा का लाभ मिलेगा। लाभार्थी परिवार के सदस्यों को मोबिलिटी स्मार्ट कार्ड जारी किए जा रहे है, जिसे दिखाकर वह यात्रा कर सकते हैं। यह स्मार्ट कार्ड सीधे ई-टिकटिंग प्रणाली से कनेक्ट होंगे। हैप्पी योजना में आधुनिक तकनीक का उपयोग करके समाज के गरीब वर्ग के लोगों को मुफ्त यात्रा का लाभ दिया जाएगा। योजना के लिए लाभार्थियों की पहचान परिवार पहचान पत्र के माध्यम से की जा रही है। हैप्पी कार्ड के लिए आवेदक को 50 रुपये शुल्क के रूप में देने होंगे व बाकी खर्च सरकार वहन करेगी। लाभार्थियों को इस कार्ड को खरीदने के लिए केवल 50 रुपये की एकमुश्त लागत का भुगतान करना होगा और बाकी कार्ड की लागत लगभग 109 रुपये सरकार भरेगी। हैप्पी कार्ड का वार्षिक रखरखाव का शुल्क 79 रुपये भी सरकार की ओर से वहन किया जाएगा। हैप्पी कार्ड बनने के बाद अगर आवेदक की आय बढ़ती है तो स्वतः ही योजना का लाभ मिलना बंद हो जाएगा। अगर योजना के एक वर्ष के समय से पहने अपनी एक हजार किलोमीटर की यात्रा पूरी की लेता है तो आवेदक अपने हैप्पी कार्ड को रिचार्ज करा सकता है। एक साल पूरा होने पर आवेदक को हैप्पी कार्ड को फिर से वैरिफाई करना होगा, जिसके बाद ही उसे योजना का लाभ मिलेगा।

#### कार्ड लेने के लिए मैसेज भेज दिए गए

*रोडवेज में एक हजार किलोमीटर की फ्री यात्रा के लिए हैप्पी कार्ड बांटे जा रहे है। आवेदनों के पास कार्ड लेने के लिए मैसेज भेज दिए गए है। उस मैसेज के साथ ही रोडवेज कार्यालय में आना होगा। काफी लोगों ने तो फ्री यात्रा का लाभ लेना शुरू कर दिया है।*

*-देवदत्त, जीएम रोडवेज, रेवाड़ी।*

#### आवेदन प्रक्रिया सरल और ऑनलाइन

आवेदक स्वयं या सीएससी केंद्र पर जाकर हरियाणा ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट की आधिकारिक वेबसाइट ईबुकिंग.एचआरट्रांसपोर्ट.जीओवी.इन/#/पीपीपी/अप्लाई/हैप्पी पर हरियाणा हैप्पी कार्ड के लिए आवेदन कर सकता है। लाभार्थी को परिवार पहचान पत्र के माध्यम से हैप्पी कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। हैप्पी कार्ड लेते समय आवेदक को जरूरी दस्तावेज देने होंगे। आवेदक को परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस व पासपोर्ट रोडवेज डिपो कार्यालय में लेकर आना होगा। आवेदक को रजिस्ट्रेशन कराते समय प्राप्त रजिस्ट्रेशन/ रेफ्रेंस नंबर देना होगा। आवेदक को मोबाइल नंबर पर आया ओटीपी देना होगा। प्रत्येक आवेदक को हैप्पी कार्ड के लिए 50 रुपये का शुल्क जमा देना होगा।

## महंगे सामान के बदले थमाते रहे डुप्लीकेट

### तीन डिलीवरी ब्वॉय पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

ऑनलाइन सामान की खरीद करने वाले लोगों को डिलीवरी ब्वॉय डुपलीकेट सामान थमाते रहे। कंपनी ने अपने स्तर पर जांच की तो मामले का भंडाफोड़ हो गया। कंपनी के हब इंचार्ज ने तीन डिलीवरी ब्वाय के खिलाफ केस दर्ज करया है। सिटी पुलिस ने मामले की जांच व आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

फ्लिपकार्ट कंपनी से संबद्ध एक कंपनी के ऑनलाइन हब इंचार्ज रविंद्र यादव ने सिटी पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि कई दिनों से इस बात की शिकायतें मिल रही थीं कि एप्पल कंपनी की वाच और आईपोड डुप्लीकेट भेजे गए हैं। एप्पल कंपनी कभी भी ऐसा नहीं करती। यह उत्पाद काफी महंगे होते हैं। इन शिकायतों को देखते हुए कंपनी ने अपने स्तर पर जांच शुरू की। जांच के दौरान पाया गया कि सामान की डिलीवरी करने वाले युवक महंगी घड़ी आईपोड के स्थान पर उनसे मिलते-जुलते वाच और आईपोड लोगों को डिलीवर करते रहे। आरंभिक जांच में 20 से अधिक घड़िया और कई आईपोड बदले जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद सामान की डिलीवरी करने वाले युवकों की तलाश शुरू कर दी।

## स्पार्किंग से डिश के तारों में लगी आग, पोल पर लगे तीन मीटर जले

- करीब आधी रात लगी आग पर फायर ब्रिगेड ने काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गत रात सेक्टर-1 में सोलहराही तालाब के सामने लगे स्पार्किंग होने से बिजली के खंभे पर लगे डिश के तारों में आग लग गई, जिससे खंभे पर लगे सज्जन सिंह, सत्यवीर यादव तथा धीरज कुमार के तीन मीटर तथा डिश का बॉक्स जलकर राख हो गया। करीब आधी रात लगी आग पर फायर ब्रिगेड ने काबू पाया। रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने दक्षिण हरियाणा विद्युत निगम से सभी बिजली के खंभों से डिश के तार हटवाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सकें। एसोसिएशन के खजांची हरिकृष्ण यादव ने बताया कि रात करीब 12:30 बजे आंधी के बाद खंभे पर लगातार स्पार्किंग हुई, जिससे पहले डिश के तारों के जाल में आग लगी। आग ने बिजली के तीन मीटर तथा डिश के बॉक्स का भी चपेट में ले लिया। उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। एसोसिएशन की प्रधान सुनील यादव ने जिला उपायुक्त तथा दक्षिणी हरियाणा विद्युत निगम के कार्यकारी अभियंता से सेक्टर के सभी बिजली के खंभों से डिश की तारें हटवाने की मांग की है।



रेवाड़ी। आग लगने से जले बिजली के मीटर व डिश बॉक्स। फोटो :हरिभूमि

## आग लगने से तूड़ा व ईंधन जलकर राख



**धारूहेड़ा।** गांव नंदरामपुर बास में गत रात आग लगने से पशुओं का तूड़ा, बिजली की डोरी व ईंधन जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि वीरवार रात गांव की कॉलोनी में अचानक ईंधन में आग लग गई। आग की चपेट में आने से तूड़ा व बिजली की डोरी भी जल गई। ग्रामीण हुकम व श्रवण ने दमकल विभाग को आग की सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक तूड़ा व ईंधन जलकर राख हो गया।

## अवैध हथियार रखने का आरोपी चढ़ा सीआईए के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सीआईए की टीम ने अवैध हथियार रखने के आरोपी को देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। उसे घर से भी पुलिस पहले हथियार बरामद कर चुकी है।

थाना खोल पुलिस को सूचना मिली थी कि बोहका निवासी नवीन अपने पास हथियार रखता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने सर्च वारंट लेकर उसके घर पर गत 22 मार्च को रेड की थी। घर पर नवीन की पत्नी और मां हाजिर थी, जबकि वह खुद घर पर नहीं मिला था। ग्रामीणों की मौजूदगी में पुलिस ने घर की तलाशी ली तो शौचालय के फ्लैश से देसी पिस्टल व 9 जिंदा कारतूस बरामद हुए थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी थी। सीआईए की टीम ने अब आरोपी नवीन को एक देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ करते हुए हथियार सप्लायर का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।



रेवाड़ी। पूलिस गिरफ्त में आरोपी।

### मंडी में आढ़त की दो दुकानों से सरसों के कट्टे चोरी

**रेवाड़ी।** अनाज मंडी में चोर आढ़त की दो दुकानों से सरसों के कट्टे चोरी कर ले गए। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया।

पुलिस शिकायत में पवन कुमार ने बताया कि उसने आढ़त की दुकान पर 50 कट्टे सरसों भरकर रखी थी। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो 5 कट्टे गायब मिले। उसने आसपास के आढ़तियों से चोरी के बारे में पूछताछ करनी शुरू की। इसी दौरान महेश यादव ने बताया कि चोर उसकी दुकान से भी सरसों का एक कट्टा चोरी कर ले गए। पवन की सूचना पर सेक्टर-3 पुलिस चौकी से कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घटनास्थल का मुयायना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। अनाजमंडी में नियमित अंतराल के बाद चोरी की वारदात होती हैं, परंतु पुलिस इन पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है।

### महिला का एटीएम कार्ड बदलकर लगाया हजारों रुपये का चूना

**धारूहेड़ा।** कापड़ीवास में एटीएम पर पैसे निकलवाने के लिए गई एक महिला का कार्ड बदलकर शातिर ठग ने 16 हजार रुपये का चूना लगा दिया। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी। मूल रूप से यूनी के गदियाना निवासी प्रवीण ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह कापड़ीवास में परिवार के साथ किराए के मकान में रहता है। उसकी पत्नी आरती एटीएम से पैसे निकालने के लिए गई थी। जब वह पैसे निकालने का प्रयास कर रही थी, मशीन से पैसे नहीं निकले। इसी दौरान एक युवक वहां पहुंच गया। उसने कहा कि वह ट्राई करके देखता है। यह कहते हुए उसने आरती के हाथ से एटीएम कार्ड ले लिया। शातिर ठग ने पलक झपकते ही उसका कार्ड बदल लिया। आरती पैसे नहीं निकलने के बाद घर आ गई। बाद में मोबाइल फोन पर एटीएम से 16 हजार रुपये निकलने का मैसेज आया। वह सीधे बैंक पहुंचा और एटीएम कार्ड बंद कराया।

### बाइक की टक्कर लगने से एक युवक की मौत

**रेवाड़ी।** प्रजापति चौक के निकट पैदल चल रहे एक युवकी की बाइक की टक्कर लगने से मौत हो गई। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी। शिव नगर निवासी 40 वर्षीय अनिल और उसका भाई जयप्रकाश सुबह के समय घूमने के लिए प्रजापति चौक की ओर निकले थे। रामगढ़ रोड पर सामने से आ रही एक बाइक ने अनिल को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जयप्रकाश ने अपने भाई सोनू को फोन करके मौके पर बुलाया। दोनों अनिल को ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**मौसम** बार-बार मौसम में बदलाव से लू का प्रकोप हुआ कम, उमस भरी गर्मी जमकर कर रही लोगों को परेशान

## दिन में तेज धूप के कारण भारी गर्मी, शाम को आसमान में बादल, रात को तेज आंधी का क्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिन के समय तेज धूप जमकर परेशान करती है। शाम के समय आसमान में बादल छाने के बाद गर्मी से कुछ राहत मिलती है। देर रात तेज आंधी और धूल भरी हवाएं चलती हैं। मौसम में तीन दिन से ऐसा ही बदलाव देखने को मिल रहा है। तापमान में गिरावट से लू का प्रकोप कम हो गया है, परंतु अब उमस भरी गर्मी परेशान कर रही है। लगभग एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में तेज आंधी का अलर्ट जारी किया गया है।

शुक्रवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। दोपहर तक तेज धूप के कारण भारी गर्मी लोगों के पसीने छुड़ाती रही। हवा में नमी का स्तर 28 फीसदी तक होने के कारण उमस भरी चिपचिपी गर्मी का प्रकोप बना रहा। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 42.5 पर आ गया। न्यूनतम तापमान 1 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 27 पर पहुंच गया। भारी गर्मी का प्रकोप कुछ हद तक कम हुआ है, लेकिन आसमान में बादल छाने से हवा में आर्द्रता बढ़ रही है। इससे गर्म हवाएं उमस पैदा कर रही हैं। दिन के समय 18 से 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलती हैं। लगातार तीन दिन से शाम के समय आसमान में घने बादल छा जाते हैं, जिससे भारी गर्मी से कुछ राहत मिलती है। दोपहर की गर्मी के कारण अभी भी बाजार से लेकर सड़कों तक पर सन्नाटा छाया रहता है। नौतपा में धरती खूब तप चुकी है। अब प्री-मानसून बरसात का इंतजार किया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार लगभग एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रहेगा। इस दौरान आंशिक बादल छाने के साथ बूंदाबांदी की संभावना बनी रहेगी। तापमान में भी मामूली उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा।



रेवाड़ी। शुक्रवार में धूप से छाते से बचाव करते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### रात को तेज आंधी से ब्लैकआउट जैसे हालात

वीरवार आधी रात के बाद एक बार फिर तेज आंधी से कई गांवों की बिजली व्यवस्था चौपट हो गई। दो दर्जन के आसपास फीडरों को आंधी के कारण बंद करना पड़ा। थोड़ी देर तक आई आंधी से धूल के गुब्बार उड़ते रहे। आंधी बंद होने के बाद बिजली निगम ने फीडरों को चालू करना शुरू किया। इसके बाद भी कुछ फीडर फॉल्ट होने से ग्रामीण इलाकों में लोगों को सुबह तक बिजली का इंतजार करना पड़ा। मौसम विभाग ने एक बार फिर आंधी की संभावना जताई है। इस समय किसान प्री-मानसून बरसात का इंतजार कर रहे हैं। इस समय अच्छी बरसात होने से बाजरे की बिजाई शुरू हो जाएगी।



लोमड़ी 10 अलग-अलग तरह की आवाजें निकाल सकती है।



गाय एक ऐसा जानवर है जो कि खड़े रहकर भी सो सकती है।



# कंप्यूटर कोर्स से खुलेंगे करियर के अनेक विकल्प



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज के समय में भारत में सरकारी नौकरी करना हर दूसरे युवा का सपना होता है, लेकिन सरकारी नौकरी के लिए कठिन परिश्रम के साथ-साथ स्कील का भी होना बहुत जरूरी है। बता देते हैं कि वर्तमान समय में सरकारी नौकरियों में कंपटीशन काफी ज्यादा बढ़ गया है। इसीलिए आज के समय में अगर आप सरकारी नौकरी के बारे में सोच रहे हैं तो यह बिल्कुल भी आसान नहीं है, इसके लिए आपको काफी लंबे समय तक कठिन परिश्रम करना होगा। अगर आप कंप्यूटर कोर्स करते हैं, तो आपको सरकारी नौकरी में प्रायरिटी मिल जाती है क्योंकि वर्तमान समय में सरकारी नौकरियों में भी कंप्यूटर कोर्स को शामिल कर दिया गया है।

## कंप्यूटर कोर्स जरूरी

वर्तमान समय में अलग-अलग विभागों में अनेक सारे ऐसे पर देखने को मिल जाते हैं। जहां पर कंप्यूटर कोर्स वाले आवेदक ही आवेदन कर सकते हैं क्योंकि उन पदों पर केवल कंप्यूटर का ज्ञान प्राप्त कर चुके लोगों की ही आवश्यकता होती है। वर्तमान समय में सरकारी नौकरियों के तहत कंप्यूटर कोर्स की सबसे ज्यादा डिमांड जिन कोर्स की होती हैं। उन कोर्स की सूची इस प्रकार है

- कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट
- मैकेनिक कंप्यूटर हार्डवेयर
- डेस्कटॉप पब्लिशिंग ऑपरेटर
- एडवांस्ड डिप्लोमा इन सॉफ्टवेयर टेक्नोलोजी
- एडवांस्ड डिप्लोमा इन कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग
- कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग
- डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- एडवांस्ड डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- बैचलर इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- मास्टर इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- बैचलर ऑफ साइंस (कंप्यूटर साइंस/ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी)
- बैचलर ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी
- मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (सिस्टम/ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी)
- ग्रेजुएट इन इंजीनियरिंग (कंप्यूटर साइंस/ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी)

## टॉप कोर्स

पांच ऐसे कंप्यूटर कोर्स है, जिसकी सरकारी नौकरी के लिए सबसे ज्यादा डिमांड देखने को मिल जाती है। यह उस सूची में टॉप 5 कंप्यूटर कोर्स है जिसे आप करते हैं, तो आपको अच्छा वेतन मिलता है और बेहतरीन पद भी मिलता है। तो सरकारी नौकरी के लिए मांगे जाने वाले टॉप 5 कंप्यूटर कोर्स इस प्रकार है ।

**एडीसीए कंप्यूटर कोर्स :** अगर आप एक कंप्यूटर कोर्स करके सरकारी नौकरी पाना चाहते हैं तो यह कंप्यूटर कोर्स आपके लिए बेहतरीन साबित हो सकता है क्योंकि इस कंप्यूटर कोर्स के अंतर्गत आपको कंप्यूटर एप्लीकेशन में एडवांस डिप्लोमा कोर्स का सर्टिफिकेट दिया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद आपको कंप्यूटर का एडवांस नॉलेज हो जाता है और आप सरकारी नौकरी के तहत अच्छा वेतन प्राप्त कर सकते हैं। बता देते हैं कि इस पोस्ट को 12वीं कक्षा पास करने के बाद भी कर सकते हैं। लेकिन यह कोर्स कंप्यूटर में रुचि रखने वालों के लिए ही उपयुक्त है विशेष रुप से कंप्यूटर कोर्स को विज्ञान के छात्र ही करते हैं।

**सीसीसी कंप्यूटर कोर्स :** इस कोर्स को आप 12वीं कक्षा पास करने के बाद भी कर सकते हैं। अगर आप 12वीं कक्षा पास करने के बाद इस कोर्स को करते हैं, तो भी आप की सरकारी नौकरी लग सकती है। 12वीं कक्षा पास करने के बाद आपको किसी डिग्री या डिप्लोमा कोर्स की आवश्यकता नहीं है। यह कोर्स 3 महीने की अवधि का है। इस कोर्स को आप नेशनल इंस्टीट्यूट आफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी द्वारा कर सकते हैं। इस कोर्स में आपको कंप्यूटर का महत्वपूर्ण ज्ञान प्रदान किया जाता है जिसमें कंप्यूटर की मूल बातें कंप्यूटर की प्रेजेंटेशन पैकेज के बारे में बताया जाता है। कंप्यूटर डिजिटल फाइनेंस के बारे में जाता है वर्ड प्रोसेसिंग और स्प्रेडशीट पैकेज के बारे में बताया जाता है।

**डीसीए कोर्स :** अगर आप दसवीं अथवा 12वीं कक्षा पास करने के बाद सरकारी नौकरी करने का सपना देखते हैं। तो ऐसा तो काफी मुश्किल है क्योंकि आज के समय में विभिन्न प्रकार की डिग्री और डिप्लोमा कोर्स करने के बाद भी लोगों को सरकारी नौकरी नहीं मिलती है। लेकिन अगर आप दसवीं कक्षा पास करने के बाद 6 महीने का यह कंप्यूटर कोर्स करते हैं। तो आपके सरकारी नौकरी लग सकती है बता देते हैं कि सरकारी नौकरी के लिए जिन 5 कंप्यूटर कोर्स की सबसे ज्यादा डिमांड देखने को मिलती है उसमें डीसीए कोर्स भी शामिल है। इस कोर्स में इंटरनेट एप्लीकेशन के बारे में बताया जाता है ऑपरेटिंग सिस्टम के बारे में बताया जाता है इसके अलावा माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस की सभी सर्विस का ज्ञान दिया जाता है।

**ओ लेवल कंप्यूटर कोर्स :** कंप्यूटर कोर्स से सरकारी नौकरी प्राप्त करने की सूची में यह कंप्यूटर कोर्स भी शामिल है। इस कंप्यूटर कोर्स को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी द्वारा छात्रों के लिए प्रदान करवाया जाता है। इस कोर्स में कंप्यूटर से जुड़ी विभिन्न प्रकार की जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि यह कंप्यूटर कोर्स 1 साल का है। अगर आप इस 1 साल के कंप्यूटर कोर्स को करते हैं। तो आपको विभिन्न प्रकार के सरकारी नौकरियों के अवसर देखने को मिल जाते हैं क्योंकि यह आज के समय में सरकारी नौकरियों के तहत डिमांड वाला कोर्स है जिसके लिए सबसे ज्यादा सरकारी नौकरियों की मांग होती है।

**पीजीडीसीए कोर्स :** यह एक कंप्यूटर एप्लीकेशन में पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा कोर्स है यह कोर्स ग्रेजुएशन करने वाले विद्यार्थियों के लिए है।तो अगर आप दसवीं और बारहवीं कक्षा पास करने के बाद ग्रेजुएशन कर चुके हैं और कंप्यूटर कोर्स करके सरकारी नौकरी प्राप्त करना चाहते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए सबसे बेहतरीन साबित होने वाला है। बता देते हैं कि इस कोर्स को पूरा करने के बाद आप सरकारी नौकरी के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के प्राइवेट सेक्टर में भी काम कर सकते हैं और सरकारी नौकरी से भी ज्यादा वेतन प्राइवेट सेक्टर में पार्ट टाइम काम करके भी प्राप्त कर सकते हैं या अपना खुद का एक ऑनलाइन काम भी शुरू कर सकते हैं। पीजीडीसीए कोर्स के तहत आपको सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग सिखाया जाता है कंप्यूटर प्रोग्रामिंग सिखाई जाती है और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिखाया जाता है।

## आज बिजली की बहुत अधिक जरूरत, हर काम में होती इस्तेमाल

# बिजली विभाग में नौकरी एक अच्छा करियर विकल्प, सरकारी-प्राइवेट दोनों सेक्टर में जॉब

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

आज के समय में सभी लोग एक अच्छी नौकरी चाहते हैं। कई लोग बिजली विभाग में नौकरी करना चाहते हैं। तो आज हम इस आर्टिकल के द्वारा आप लोगों को बिजली विभाग में नौकरी कैसे पाएं की पूरी जानकारी देने जा रहे है। आप इस आर्टिकल को पूरा पढ़ें और बिजली विभाग के बारे में जानकारी प्राप्त करें। बिजली विभाग में कई सारे पोस्ट होते हैं और इन में नौकरी करने के लिए आपको सही जानकारी रखना बहुत जरूरी है। आज के आर्टिकल में हम आपको बिजली विभाग क्या होता है और बिजली विभाग में नौकरी कैसे पाएं इसके बारे में डिटेल में जानकारी देने का प्रयास करेंगे।



## क्या होता है बिजली विभाग

आज के समय में लाइट हमारे लिए बहुत जरूरी है। बिना बिजली के लोग रह नहीं पाते और हमें बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बहुत सारी बड़ी-बड़ी कंपनियां उन्हें भी बिजली की बहुत जरूरत होती है अगर 1 दिन बिजली ना आए तो उन्हें लाखों करोड़ों का नुकसान हो जाता है। इन सब परेशानियों को दूर करने के लिए हमे बिजली विभाग की जरूरत पड़ती है।

## क्या होता है काम

*बिजली विभाग का काम होता है की हर घर तक बिजली पहुंचाना और उसका मेंटेनेंस करना। बिजली से संबंधित सभी समस्याओं को दूर करना बिजली विभाग की जिम्मेदारी होती है। बिजली विभाग में बहुत सारे पोस्ट होते हैं उन सभी पोस्ट पर काम करने वाले लोगों का काम बिजली से संबंधित होता है। बिजली विभाग में नौकरी पाना बहुत आसान नहीं है इसमें छात्र को अधिक मेहनत करनी पड़ती है अच्छा पास करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है और अच्छी तैयारी करनी पड़ती है। इस पोस्ट के माध्यम से आपको यह पता चलेगा कि बिजली विभाग में नौकरी कैसे मिलेगी और इसकी तैयारी आप कैसे कर सकते हैं। आज के समय में बिजली विभाग में नौकरी पाना बहुत कठिन हो गया है क्योंकि जहां सीट्स 100 है वहां 1000 लोग आवेदन करते हैं आज के समय में बहुत कंपटीशन बढ़ चुका है जिसके कारण नौकरी पाना कठिन हो गया है। दुनिया में बिजली का उपयोग बहुत सारे उपकरणों को चलाने के लिए किया जाता है जैसे मोबाइल फोन, टीवी, वॉशिंग मशीन, इंडक्शन, लाइट, पंखा, फ्रिज, कूलर, एसी, बड़ी-बड़ी कंपनी कंपनियों में बड़ी-बड़ी मशीन को चलाने के लिए इन सभी उपकरणों को बिजली की आवश्यकता होती है। अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग बिजली विभाग होते हैं और हर राज्य के बिजली विभाग अपने-अपने राज्यों की बिजली की समस्या को ठीक करते हैं।*

## जीवन में इसका खास महत्व



## कौन से पद होते

- *इलेक्ट्रिशियन*
- *वायरमैन*
- *तकनीकिशियन*
- *जूनियर इंजीनियर*
- *सीनियर इंजीनियर*
- *ड्राइवर*
- *चपरासी*
- *बिजली बिल देना।*
- *कंप्यूटर सहायक*
- *सहायक लेखा अधिकारी आदि पद रहते हैं।*

### जरूरी योग्यताएं

- *सबसे पहले विभाग में नौकरी करने के लिए आपको 10वीं व 12वीं में पास होना है।*
- *12वीं के बाद आपको किसी मान्यता प्राप्त कॉलेज से इलेक्ट्रिकल आईटीआई डिप्लोमा कोर्स करें।*

## पोस्ट क्वालिफिकेशन

***10वी, 12वीं और आईटीआई डिप्लोमा इलेक्ट्रिशियन ट्रेड से करने वालों के लिए पोस्ट है:-***

- *इलेक्ट्रिशयन*
- *लाइनमैन*
- *वायरमैन*

***10वीं 12वीं और इंजीनियरिंग डिप्लोमा इलेक्ट्रीशियन ट्रेड से करने वाले के लिए यह पोस्ट हैं:-***

- *जूनियर इंजीनियर*
- *सीनियर इंजीनियर*

***ग्रेजुएट डिग्री किसी भी सब्जेक्ट से करने वाले के लिए पोस्ट है :-***

- *सहायक लेखा अधिकारी*
- *ऊर्जा मिस्त्री*

***ग्रेजुएशन के साथ computer डिप्लोमा करने वाले के लिए यह पोस्ट है:-***

- *कंप्यूटर सहायक डाटा एंट्री ऑपरेटर*

## आयु

*जो बिजली विभाग में नौकरी करना चाहते हैं, उनकी उम्र 18 वर्ष से ऊपर और 40 वर्ष तक होनी चाहिए। अगर आपकी उम्र 40 वर्ष से ज्यादा है तो आप बिजली विभाग में नौकरी करने के लिए एलिजिबल नहीं है। आप इस नौकरी की परीक्षा नहीं दे पाएंगे। बिजली विभाग में अलग-अलग राज्यों अलग-अलग पदों के अनुसार आयु सीमा निर्धारित की जाती है।*

### बिजली विभाग में कितनी सैलरी होती है?

बिजली विभाग नौकरी में आपको 10000 से लेकर 50 हजार तक की सैलरी प्रतिमा दी जाती है आपका सैलरी आपके पद के अनुसार मिलता है, अलग-अलग पद के लिए अलग-अलग सैलरी निर्धारित की गई है। अलग-अलग राज्यों और अलग-अलग पदों के अनुसार भी आपकी सैलरी तय की जाती है।



## ऐसे करें आवेदन

- *बिजली विभाग हर साल समय-समय पर अपने अलग-अलग पोस्ट पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी करता है।*
- *जब बिजली विभाग की नोटिफिकेशन जारी होती है। उस समय आपको ऑनलाइन अप्लाई करना होगा।*
- *आप अपने क्वालिफिकेशन से संबंधित पदों पर आवेदन कर सकते हैं।*
- *ऑनलाइन एप्लीकेशन बिजली विभाग अधिकारी की वेबसाइट पर आवेदन करना होगा।*
- *आवेदन करने के बाद आप परीक्षा की तैयारी में लग जाए और नोटिफिकेशन के तहत आपको पता चल जाएगा कि आपका एग्जाम कब है।*
- *एग्जाम के 10 दिन पहले आपका एडमिट कार्ड जारी हो जाएगा आप अपने सामने कोई भी कंप्यूटर साइबर कैफे से आप अपने एडमिट कार्ड को निकलवा सकते हैं बाद आप अपनी परीक्षा में बैठ पाएंगे।*
- *सभी राज्यों में बिजली विभाग की कंपनियां होती है अब जिस क्षेत्र में रहते हैं या जिस क्षेत्र में आपको नौकरी करनी है उस क्षेत्र में क्वालिफिकेशन के हिसाब से रिक्त पदों के लिए आवेदन करना होगा।*
- *आवेदन करने के बाद बिजली विभाग के तरफ से लिखित परीक्षा आयोजित की जाती है खोज परीक्षा को देना होगा और उसे पास करना होगा इंटरव्यू होता है इंटरव्यू क्लियर करने के बाद चयन लिस्ट में आपका नाम आ जाता है।*
- *फिर आपका डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन होने के बाद आप का चयन प्रक्रिया आरंभ हो जाता है।*
- *अगर आप इन सब स्टेप्स को फॉलो करते हैं तो आपको कोई परेशानी नहीं होगी।*
- *एग्जाम को क्लियर करने के लिए आपको बिजली विभाग पिछले साल के प्रश्न को अच्छी तरह से प्रैक्टिस कर लेना होगा।*
- *आपको अन्य लोगों के बीच जानकारी लेनी चाहिए जो पहले से बिजली विभाग में है या बिजली विभाग की परीक्षा दे चुके हैं।*
- *इस तरह आपको परीक्षा का पूरा सिलेबस भी पता चल जाएगा और किस टाइप के क्वेश्चन आते हैं यह भी पता चल जाएगा।*

## परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण विषय

- गणित
- सामान्य ज्ञान
- करंट अफेयर्स
- विज्ञान
- हिंदी
- इंटेलिजेंस

आईटीआई ट्रेड से संबंधित प्रश्न अलग-अलग राज्य के अनुसार विषय थोड़े अलग पूछे जा सकते हैं। इसके बारे में आप जिस राज्य से परीक्षा दे रहे हैं उसकी नोटिफिकेशन को ध्यान से पढ़ ले उसमें यह बताया होता हैं। लगभग 75 परसेंट प्रश्न आईटीआई ट्रेड से संबंधित होते हैं और 25 परसेंट अन्य विषयों से संबंधित होते हैं। सभी विषयों की तैयारी बहुत अच्छे से करनी होती है।

## बिजली की जरूरत

बिजली विभाग बहुत बड़ा होता है, यह अलग अलग राज्य में होता है। यह बहुत बड़ा विभाग होता जो पूरे राज्य में लाइट का ध्यान रखता है बिजली से संबंधित कोई भी परेशानी को ठीक करने के लिए बिजली विभाग की मदद लेनी होती है बड़े-बड़े कंपनियों में खासकर इसकी जरूरत ज्यादा होती है। बिजली हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है अगर यह ना हो तो बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। बिना बिजली के ना तो टीवी नाही वॉशिंग मशीन बड़ी-बड़ी कंपनियों के मशीन और ना ही इंडक्शन चल सकते हैं आजकल की रोजमर्रा की जिंदगी में सभी लोगों की बिजली की बहुत जरूरत होती है बच्चों को पढ़ने के लिए लाइट की आवश्यकता होती है औरतों को सिलाई के लिए लाइट की आवश्यकता होती है।

# राजनीति में भारतीय युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

भारत एक युवा राष्ट्र है, जहां देश की आबादी का एक बड़ा हिस्सा युवाओं का है। इन युवाओं के पास न केवल ऊर्जा और उत्साह है, बल्कि नए विचार और दृष्टिकोण भी हैं। इसलिए, भारतीय युवाओं की राजनीति में सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। राजनीति वह क्षेत्र है जो देश की दिशा और दशा दोनों को निर्धारित करता है। सरकार की नीतियाँ, विकास योजनाएँ, शिक्षा प्रणाली, स्वास्थ्य सेवाएँ और रोजगार के अवसर सभी राजनीति के माध्यम से ही तय होते हैं। अगर युवा इन निर्णयों में भाग नहीं लेते, तो वे अपने भविष्य को दूसरों के हाथों में छोड़ देते हैं। युवाओं को राजनीति से दूर रहने के लिए अक्सर प्रेरित किया जाता है। उन्हें बताया जाता है कि राजनीति गंदी है, इसमें नैतिकता का अभाव है और यह केवल धूर्त और चालाक लोगों का क्षेत्र है।

## युवाओं की सक्रियता के ये लाभ

**नई सोच और दृष्टिकोण**: युवा नवीन विचारों और दृष्टिकोणों के साथ आते हैं जो देश की प्रगति में सहायक हो सकते हैं। वे नई तकनीकों और आधुनिक विधियों को अपनाने में सक्षम होते हैं।

**ऊर्जा और उत्साह** : युवाओं में अपार ऊर्जा और उत्साह होता है जो किसी भी परिवर्तन को लाने में सहायक हो सकता है।

**समाज की वास्तविक समस्याओं की समझ**: युवा अपने आस-पास के समाज की समस्याओं को गहराई से समझते हैं और उन्हें हल करने के लिए तत्पर रहते हैं।

### चुनौतियां और समाधान

राजनीति में युवाओं की भागीदारी के सामने कई चुनौतियाँ हैं, जैसे अनुभव की कमी, राजनीतिक भ्रष्टाचार, और आर्थिक अस्थिरता। लेकिन इन चुनौतियों का सामना किया जा सकता है:

**शिक्षा और प्रशिक्षण** : युवाओं को राजनीतिक शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए ताकि वे राजनीति की बारीकियों को समझ सकें।

**सकारात्मक माहौल का निर्माण**: राजनीति में नैतिकता और ईमानदारी को बढ़ावा देने के लिए सकारात्मक माहौल का निर्माण करना आवश्यक है।

**युवा संगठनों का सशक्तिकरण**: युवाओं को संगठित होकर अपने मुद्दों को उठाने और उनका समाधान खोजने के लिए प्रेरित करना चाहिए। भारतीय युवाओं की राजनीति में सक्रिय भागीदारी देश की प्रगति और विकास के लिए आवश्यक है। उनके नवीन विचार, ऊर्जा, और समाज की वास्तविक समस्याओं की समझ देश को एक नई दिशा दे सकते हैं। इसलिए, युवाओं को राजनीति में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना और उनका समर्थन करना हम सभी का कर्तव्य है। युवा राजनीति का भविष्य हैं और उनके सक्रिय योगदान से ही एक समृद्ध और सशक्त भारत का निर्माण संभव है।

बेरोजगारी के बारे में नकारात्मक सोच के बजाय, युवा साहस दिखाकर निकट भविष्य में नियोक्ता बनें ,भारत एक युवा राष्ट्र है, जिसमें आबादी का एक बड़ा हिस्सा युवाओं का है। इन युवाओं में ऊर्जा, उत्साह और नए विचारों की भरमार है। फिर भी, बेरोजगारी एक बड़ी चुनौती है जिससे आज का युवा वर्ग जूझ रहा है। इस समस्या से निपटने के लिए केवल नौकरियों की तलाश करने के बजाय, युवाओं को साहस दिखाकर नियोक्ता बनने की दिशा में कदम उठाना चाहिए।

बेरोजगारी भारत में एक गंभीर समस्या है। लाखों युवा हर साल अपनी पढ़ाई पूरी करके नौकरी की तलाश में निकलते हैं, लेकिन उन्हें रोजगार मिलना कठिन हो जाता है।

## नकारात्मक सोच से बाहर निकलना जरूरी

बेरोजगारी की समस्या के कारण, कई युवा नकारात्मक सोच में फंस जाते हैं। वे अपनी क्षमताओं पर शक करने लगते हैं और निराशा में घिर जाते हैं। यह दृष्टिकोण न केवल उनके आत्मविश्वास को कम करता है, बल्कि उनके भविष्य के अवसरों को भी प्रभावित करता है। नकारात्मक सोच से बाहर निकलकर, युवाओं को साहस दिखाना चाहिए और निकट भविष्य में नियोक्ता बनने का लक्ष्य रखना चाहिए। नियोक्ता बनने के कई लाभ हैं:

**स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता**: जब युवा स्वयं नियोक्ता बनते हैं, तो वे अपने भविष्य का स्वयं निर्माण करते हैं। वे अपनी पसंद के क्षेत्र में कार्य कर सकते हैं और समाज में एक महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

**रोजगार सृजन**: नियोक्ता बनने से न केवल स्वयं का, बल्कि दूसरों का भी रोजगार सृजन होता है। इससे बेरोजगारी की समस्या का समाधान होता है और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है।

**नवाचार और विकास**: युवा नए विचारों और तकनीकों को अपनाने में सक्षम होते हैं। इससे नवाचार को बढ़ावा मिलता है और विभिन्न क्षेत्रों में विकास की नई राहें खुलती हैं।

"सबसे पहले, युवाओं को अपनी शिक्षा और कौशल को मजबूत करना चाहिए। उद्यमिता, प्रबंधन और नेतृत्व के क्षेत्र में प्रशिक्षण लेना उपयोगी हो सकता है। एक सफल नियोक्ता बनने के लिए, एक ठोस व्यवसाय योजना की आवश्यकता होती है। इसके लिए बाजार अनुसंधान, वित्तीय योजना और रणनीतिक सोच की जरूरत होती है" प्रारंभिक पूंजी, उपकरण और मानव संसाधनों का सही उपयोग करना आवश्यक है। इसके लिए सरकारी योजनाओं और स्टार्टअप फंड्स का लाभ उठाया जा सकता है। सफल उद्यमिता के लिए एक मजबूत नेटवर्क का होना महत्वपूर्ण है। इससे न केवल व्यापारिक अवसर बढ़ते हैं, बल्कि मार्गदर्शन और सहयोग भी मिलता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) स्थायि
(बी) स्थायी
(सी) स्थाई
(डी) स्थाइ

**2.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जलदी
(बी) जल्दी
(सी) ज्लदी
(डी) जल्डी

**3.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्राक्कथन
(बी) प्रक्कथन
(सी) प्राकथन
(डी) प्रकाथन

**4.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) क्षेत्र
(बी) छेत्र
(सी) क्षत्र
(डी) स्वेत्र

**5.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) रसायनिक
(बी) रासायनिक
(सी) रासीनीक
(डी) रसयनिक

**6.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्रतिवादी
(बी) प्रतीवादी
(सी) प्रतीवाडी
(डी) प्रतिवादि

**7.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) उतसव
(बी) उत्सव
(सी) उस्तव
(डी) ऊत्स्व

**8.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जेष्ठ
(बी) ज्येस्ट
(सी) जेठ
(डी) ज्येष्ठ

**9.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अन्तध्यान
(बी) अन्तर्धान
(सी) अन्तरध्यान
(डी) अन्त : ध्यान

**10.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अध्रम
(बी) अधम
(सी) अधर्म
(डी) अधिम

**उत्तर** 1.(बी) 2.(बी) 3.(ए) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी) 9.(बी) 10.(सी)

## खबर संक्षेप



### आईजीयू की छात्रा पीएनबी में लिपिक नियुक्त

रेवाड़ी। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के अर्थशास्त्र विभाग में एमएससी अर्थशास्त्र में अध्यनरत मुस्कान यादव की पंजाब नेशनल बैंक में लिपिक पद पर नियुक्ति हुई है। विश्विद्यालय के कुलपति प्रो.जेपी यादव एवं कुलसचिव प्रोफेसर प्रमोद कुमार ने छात्रा मुस्कान को शुभकामनाएं दी। विभागाध्यक्ष डा. विकास बतरा, शिक्षक डा. देविंदर सिंह तथा डा. सतीश कुमार ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की। डा. बतरा ने बताया कि मुस्कान मेहनती छात्रा है और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया और नाबार्ड में नौकरी हासिल करने के लिए कोशिश कर रही है। विभाग के सभी विद्यार्थियों ने भी मुस्कान को बधाई दी है। आईजीयू से पिछले दिनों विभाग के कई विद्यार्थियों का बैंक में चयन हुआ है।



### नपा चेयरमैन की पत्नी के निधन पर जताया शोक

धारूहेड़ा। शुक्रवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने धारूहेड़ा नगर पालिका चेयरमैन कंवर सिंह यादव की पत्नी के निधन पर शोक जताया। पूर्व मंत्री ने नपा चेरमैन की पत्नी कांता देवी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवारजनों को सांत्वना दी। राव नरबीर सिंह ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने की प्रार्थना की। नगर पालिका चेयरमैन की 62 वर्षीय पत्नी कांता देवी का बुधवार को निधन हो गया था। कांता देवी पिछले तीन महीने से अस्वस्थ चल रही थी।

### लोगों का विश्वास खो चुकी भाजपाः रमेश

रेवाड़ी। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के शानदार प्रदर्शन पर कांग्रेस नेता रमेश ठेकेदार बावल ने कार्यकर्ताओं के साथ खुशी जाहिर की। इस अवसर पर उन्होंने कहा



कि सत्ताधारी पार्टी की ओर से लगातार 400 पार का भ्रम फैलाया जा रहा था, लेकिन देश की जनता ने उनके इस दावे की पोल खोल कर रख दी। उन्होंने कहा कि अपनी जनविरोधी नीतियों के कारण भाजपा सरकार लोगों का विश्वास हो चुकी थी। यही कारण है कि जिस भारतीय जनता पार्टी को पिछली बार स्पष्ट बहुमत मिला था, वह इस बार बहुमत के आंकड़े को भी नहीं छू पाई। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अब आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है। प्रदेश में पार्टी के पक्ष में माहौल बना हुआ है। आगामी विधानसभा चुनाव में चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

## मादक पदार्थ व लाखों रुपये कीमत के चोरी किए गए 10 वाहन किए बरामद

# मई माह में पुलिस ने विभिन्न आपराधिक मामलों में 427 आरोपियों पर कसा शिकंजा

■ जिला पुलिस ने आमजन से किसी भी तरह के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में सूचना देने की अपील भी की

हरिभूमि न्यू ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के मार्गदर्शन में जिला पुलिस ने माह मई में चलाए गए स्पेशल अभियान के तहत अवैध कारोबारों में संलिप्त आरोपियों पर सख्त कार्यवाही करते हुए अवैध शराब बेचने वालों, सट्टा खाईवाली, जुआ, अवैध हथियारों के शौकिन व ड्रग्स की तस्करी करने वाले अपराधियों पर शिकंजा कसा है। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन की ओर से थाना प्रभारियों, चौकी इंचार्ज, सीआईए स्टाफ, नारकोटिक्स सेल तथा पीओ स्टाफ को विशेष निर्देश दिए है कि विभिन्न मामलों में वांछित आरोपियों की धर पकड़ के लिए चलाई जा रही मुहिम में आमजन का सहयोग लेकर और तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि जिले में किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला पुलिस ने आमजन से किसी भी तरह के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में सूचना देने कीअपील भी की है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी।



रेवाड़ी। एसपी शशांक कुमार सावन।

### मादक पदार्थ के मामले में 9 आरोपी काबू

पुलिस ने माह मई में 15 उदघोषित-जमानोत्तर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अवैध हथियारों की तस्करी व अवैध हथियारों के शौकीन 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर 5 मामले दर्ज किए गए। आरोपियों के कब्जे से 3 अवैध देशी कट्टा, 1 देसी पिस्टल, 1 चाकू तथा 2 जिन्दा रोंद बरामद किए गए। ड्रग्स की तस्करी करने वाले 9 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ 6 मामले दर्ज किये गए। आरोपियों के कब्जे से 4.84 किलोग्राम शुल्फा, 830 ग्राम गांजा पत्ती एवं 7.071 ग्राम स्मैक बरामद की गई।

### अवैध शराब के कारोबार में 12 पकड़े

पुलिस की ओर से शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इन आरोपियों के खिलाफ विभिन्न पुलिस थानों में 8 मामले दर्ज किए गए और आरोपियों के कब्जे से 82 बोतल देशी, 4 बोतल अंग्रेजी व 1 बोतल बियर बरामद की गई है। सट्टा खाईवाली व जुआ खेलने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ 3 मामले दर्ज किए गए। इन आरोपियों के कब्जे से 55050 रुपये की नकदी बरामद की गई।

### बाइक चोरी के 9 आरोपी किए काबू

पुलिस की ओर से करीब 2.64 लाख की कीमत की चोरी की हुई 9 बाइक व 1 स्कूटी बरामद की गई साथ ही वारदातों को अंजाम देने वाले 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने माह मई में जिले में लापता हुए 89 लोगों को तलाश कर उनके परिवार से मिलाया, जिसमें 25 नाबालिक लड़के-लड़की व 64 महिला-पुरुष शामिल है।



रेवाड़ी। रंगमंच की कला सिखाते हुए प्रशिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## रंगमंच से समाज में बढ़ेगी संस्कृति को लेकर रुचिः मनोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

■ प्रतिभाशाली पात्रों के माध्यम से एक मनोरंजन व रोचक कहानी दर्शकों के दिमाग पर एक स्थाई छाप छोड़ सकती

सेक्टर-1 में रेवती फाउंडेशन की ओर से रंगमंच की का य ् शा ला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में मनोज शर्मा ने बताया कि नाटक व अभिनय के माध्यम से समाज में फैली अनेक कुरीतियों व रूढ़िवादी सोच को आम जनता के सामने न केवल प्रस्तुत किया जा सकता है, बल्कि दर्शकों को उन बुराइयों के प्रति जागरूक भी किया जा सकता है। प्रतिभाशाली पात्रों के माध्यम से एक मनोरंजन व रोचक कहानी दर्शकों के दिमाग पर एक स्थाई छाप छोड़ सकती है। इसलिए प्रदेश में नाटक और रंगमंच का महत्व न केवल महत्वपूर्ण है बल्कि आवश्यक भी है। इस मौके पर मनोज शर्मा, विक्की, पुलकित शर्मा, धुव्र दत्त, प्राशि, हिमान्या सैनी, विवेक यादव, कुशाग्र, निखिल, सुमित व शालिनी मौजूद थे।

## इस बार पूर्ण बहुमत से बनेगी कांग्रेस की सरकारः अनिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली



कोसली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेसी नेता व पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अनिल पाल्हावास ने कहा कि लोकसभा चुनावों में पार्टी को कई विधानसभा क्षेत्रों में अच्छी सफलता मिलना इस बात का प्रमाण है कि आने वाले समय में प्रदेश में कांग्रेस भारी बहुमत से सरकार बनाने जा रही है।

शुक्रवार को एक बयान में कांग्रेसी नेता ने कहा कि प्रदेश की जनता लोकसभा चुनावों में भाजपा की नीतियों को नकार चुकी है। चार सौ पार का नारा भाजपा के लिए महंगा साबित हो चुका है। लोकसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी जिन सीटों पर चुनाव नहीं जीत पाई, उनमें भी कई हलकों में पार्टी को जीत या कम मतों से हार मिली है। इन चुनावों के परिणामों ने यह साबित कर दिया है कि प्रदेश की जनता इस बार परिवर्तन का पूरा मन बना चुकी है। चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस का ग्राफ प्रदेश में तेजी से बढ़ा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस बार भारी जनादेश के साथ प्रदेश में सत्तासीन होगी। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद कोसली हलके में विकास के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। भाजपा के शासनकाल में कोसली हलका विकास के क्षेत्र में काफी पीछे रह गया है। इस कमी को कांग्रेस की सरकार बनने के बाद प्राथमिकता के साथ दूर किया जाएगा। उन्होंने हलके के युवा कार्यकर्ताओं से अपील की कि वह अभी से विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुट जाएं, ताकि प्रदेश की जनता को इस सरकार से छुटकारा दिलाया जा सके।

### गुरु अर्जुन देव के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम कल

■ कार्यक्रम में उल्लेखनीय सेवा करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा

रेवाड़ी। हमारा परिवार संस्था की ओर से गुरू अर्जुन देव के शहीदी पर्व पर 9 जून को पंजाबी धर्मशाला में 'गुरू अर्जुन देव का बलिदान, नमन कर रहा हिन्दुस्तान' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। संस्था के सं यो ज क दिनेश कपूर ने बताया कि ए ड वो के ट सुनील भार्गव प्रधान सीएलजी कमेटी कार्यक्रम में मुख्यातिथि व नरेन्द्र गुगनानी विशिष्टातिथि रहेंगे। संस्था की ओर से सरदार प्रीतपाल सिंह निक्का प्रधान गुरूद्वारा गुरू नानक देव सिंह सभा बारा हजारी, सरदार बलबीर सिंह प्रधान पंजाबी मार्केट कॉम्पलेक्स यूनियन व समाजसेविका अनुराधा सैनी का अभिनंदन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में उल्लेखनीय सेवा करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा।

## अंत्योदय परिवारों के कल्याण एवं उत्थान के लिए सरकार कृतसंकल्पः डॉ. बनवारी

■ जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने हैप्पी योजना के पात्रों को वितरित किए लाभार्थी कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी




रेवाड़ी। लाभार्थी महिला को हैप्पी कार्ड वितरित करते डा. बनवारी लाल।

प्रदेश के लोक निर्माण विभाग एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि हरियाणा सरकार अंत्योदय परिवारों के कल्याण एवं उत्थान के लिए कृतसंकल्प है, जिसके लिए सरकार की ओर से लगभग साढ़े नौ वर्ष के कार्यकाल में अंत्योदय परिवारों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित करते हुए लाभान्वित किया है। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार अंत्योदय परिवारों के लिए एक लाभकारी योजना लेकर आई है, जिसका नाम हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना है। इस योजना के क्रियान्वित होने से हरियाणा प्रदेश के अंत्योदय परिवारों को हरियाणा राज्य परिवहन की बसों में मुफ्त यात्रा करने का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से अंत्योदय परिवारों को हरियाणा रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा उपलब्ध करा रही है। अंत्योदय परिवारों के सदस्यों को प्रति वर्ष 1000 किलोमीटर तक की मुफ्त यात्रा का लाभ दिया जा रहा है।

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल शुक्रवार को हैप्पी योजना के तहत बस स्टैंड परिसर में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर योजना के लाभपात्रों को हैप्पी कार्ड भी वितरित किए। इस अवसर पर करनाल में आयोजित मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वेबकास्ट के माध्यम से प्रसारण किया गया। लोक निर्माण विभाग मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार का पहला ध्येय है कि वंचितों को हर योजना में वरियता मिले। उन्होंने कहा कि समाज में यदि वंचित वर्ग का कल्याण होगा तो निश्चित रूप से हमारा समाज तरक्की करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इसी सोच के साथ प्रदेश में अंत्योदय उत्थान योजनाओं का क्रियान्वयन किया हुआ है। आज अनेक ऐसी योजनाएं हैं, जिनसे पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को लाभ पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भविष्य में भी हरियाणा की जनता के कल्याण के लिए ऐसे ही कार्य करती रहेगी।

### ये रहे उपस्थित

जिला स्तरीय समारोह में डीसी राहुल हुड्डा, जीएम रोडवेज देवदत्त, हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन कृष्ण चंद्र, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीतम चौहान, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डा.वंदना पोपली, सत्यदेव, अमरजीत व अर्जुन चौकन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## अंबेडकर योजना में 111 लाभार्थियों की सूची तय इसी महीने मिलेंगे अस्सी हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। योजना के लाभार्थियों को जानकारी देते सतीश खोला। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सरकार ने लोकसभा चुनाव के बाद योजनाओं का लाभ देने के लिए लाभार्थियों की पेंडिंग फाइलों पर तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। जिले में भीमराव अंबेडकर योजना के 111 लाभार्थी परिवारों की सूची तय की गई है, जिनके खाते में इसी महीने डीबीटी के माध्यम से मकान मरम्मत के 80 हजार रुपए डाले जाएंगे। पीपीपी कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला ने कहा कि सरकार अंत्योदय योजनाओं के माध्यम से लाभार्थी परिवारों को लाभांवित कर रही है। जिले में राजबाला गांव चौकी, सुमन चौकी, शुभलता पहराजवास, सुनीता धामलाका, सुनीता दुल्हेडा खुर्द, गीता देवी रोहड़ाई, जयवती दुल्हेड़ा खुर्द, ज्योति यादव गुगोढ़, सुमन सीहा, पूनम इब्राहिमपुर, ममता देवी सुलखा, सुमन सुल्खा, ममता देवी सहारनवास, पिंकेश डालियाकी, गीता देवी गोपालपुर गाजी, रोशनी देवी रामपुरा, सुमन देवी गुगोढ़, ममता रानी कोसली, सुशीला डालियाकी, पुष्पा गुड़ियानी, सुमन डालियाकी, उर्मिला दड़ौली, संजू देवी हांसावास, भतेरी सुलखा, कविता देवी मंगलेश्वर, बीना देवी सुलखा, सुभाष फिदेडी, मुन्नी देवी गोपालपुरा, आशा देवी कन्होरा, मीना देवी गोपालपुर गाजी, जयचंद सहारनवास, उर्मिला फिदेड़ी, सुनीता देवी रायपुर, बबीता सुलखा, सरोज देवी सुलखा, हेमवती रामपुरा, कविता सहारनवास, पिंकी रामपुरा, निर्मला गुगोढ़, पूजा देवी गुर्जरवास, बबीता रानी कालड़ावास, सुमन हांसावास, मंजू मायन, सुमन देवी सहारनवास, पुष्पा रामपुरा, सुनीता कुमारी गुगोढ़, सीमा देवी कोसली, मंजू चिमनावास, संतोष देवी सहारनवास, जागृति रामपुरा, निशा चिमनावास, संदीप खुशपुरा, बीना देवी मस्तापुर, सुनीता देवी रामपुरा, मीनू सहारणवास, संवत मोहदीपुर, राजो बाई, सुनीता रानी हुसैनपुर, बेबी गुड़ियानी, लक्ष्मी सुलखा, देवेंद्र गुड़ियानी, ज्ञानी राम हुसैनपुर, सुरेंद्र सिंह सुलखा, नर्मदा देवी हुसैनपुर, विकास चीताडूंगरा, मंजू जीतपुरा, रजनी देवी गुड़ियानी, रेणुका मोहदीपुर, कमलेश देवी गुड़ियानी, सुनील मंगलेश्वर, मीना नैनसुखपुरा, प्रतिमा शर्मा रामपुरा, भूपेंद्र रामपुरा, नीतू हुसैनपुर, निशा रोहड़ाई, पूनम देवी सहारणवास, नवीन देवी गुगोढ़, नीता रानी बीकानेर, दर्शना देवी गुड़ियानी, नीलम रोजूवास, पूजा कनुका, मंजू छुरियावास, प्रियंका छुरियावास, सुषमा आलियावास, ममता देवी लिसान, निर्मला लाला, इंदु देवी रोझूवास, उषा बाई आसरा का माजरा, शकुंतला बिठवाना, विद्या देवी नांगल शहबाजपुर, पूनम कुमारी बलवाड़ी, ममता सुलखा, रजनी गुड़ियानी, रेनू पहराजवास, सुषमा देवी भठेड़ा, कविता आसरा का माजरा, पूनम रायपुर, काजल रणसी माजरी, सुनीता जैताड़ावास, धर्मवती दुल्हेड़ा खुर्द, पूनम कुमारी शहबाजपुर, बबली शहबाजपुर खालसा, कांता देवी आसलवास, सीमा बालावास अहीर, रेखा नांगल शहबाजपुर, पूनम आसरा का माजरा, ओमवती कालडावास व वर्षा चीताडूंगरा को योजना का लाभ दिया जाएगा।



रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित भाकियू चढ़ूनी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## भाकियू की बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी की बैठक आयोजित की गई। यूनियन की महिला प्रधान ममता काद्यान ने किसानों की समस्याओं के बारे में समीक्षा की। इस मौके पर समय सिंह प्रधान ने कहा कि 10 जून को होने वाली मीटिंग में किसानों के बीमा, फसल भावांतर राशि और अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में संगठन का विस्तार भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला उपायुक्त को भावांतर और फसल बीमा राशि को लेकर ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। इस मौके पर रोशनलाल गुलाबपुरा, राज सिंह ढिल्लों, वजीर, नील मिस्त्री घासेड़ा, सुभाष चंद्र नंबरदार, वेद फोगाट, काजल कुमारी, अशोक व महावीर लाल मौजूद थे।



रेवाड़ी। छबील पर ठंडा पानी पीते लोग। फोटो : हरिभूमि

## नेहरूगढ़ में छबील लगाकर ठंडा पानी पिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़


गांव नेहरूगढ़ स्थित बाबा काला मुंह वाला आश्रम के पास शुक्रवार को अड्डा मित्र मंडली के ओर से छबील लगाकर लोगों को ठंडा पानी पिलाया गया। मित्र मंडली से डा. हंसराज, राकेश, योगेश सैन, रामपाल प्रजापत, शिव प्रजापत, दर्शन शर्मा, संजय सैन पंच, सचिन, सतीश गोस्वामी, होशियार सिंह, बेद राजपूत, मोहित राजपूत, सुबे व जय सिंह राजपूत ने पुण्य कार्य में योगदान दिया।

**उम्मीद** प्रदेश से 6 बार संसद पहुंचने वाले अकेले नेता राव, कैबिनेट में नहीं मिला स्थान

# पीएम मोदी से मित्रता का इनाम मिलने की बारी, राव इंद्रजीत समर्थक कर रहे इंतजार

■ कैबिनेट में स्थान दिया जाता है, तो इससे समूचे दक्षिणी हरियाणा को मोदी की ओर से बड़ी सौगात माना जाएगा

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी



गुरुग्राम लोकसभा सीट पर लगातार चार बार सांसद बनने और हरियाणा से 6 बार संसद पहुंचने का रिकॉर्ड कायम करने वाले सांसद राव इंद्रजीत सिंह के समर्थक अब उनके मोदी कैबिनेट में शामिल होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अगर उन्हें मोदी कैबिनेट में स्थान दिया जाता है, तो इससे समूचे दक्षिणी हरियाणा को मोदी की ओर से बड़ी सौगात माना जाएगा।

यह बात और है कि राव को कैबिनेट में शामिल करने के रास्ते में बाधाओं की कोई कमी नहीं है। ऐसे में लोगों की नजरें मोदी के उस भाषण पर टिकी हुई हैं, जिसमें उन्होंने राव को अपना मित्र बताया था। राव इंद्रजीत सिंह को कांग्रेस में रहते हुए भी कैबिनेट मंत्री बनने का मौका नहीं मिला। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनावों में गुरुग्राम से जीत हासिल करने के बाद समर्थक उनके कैबिनेट मंत्री बनने का इंतजार कर रहे थे, परंतु कांग्रेस के शासनकाल में उन्हें राज्य मंत्री तक ही सीमित रखा गया। भाजपा में शामिल होने के बाद वर्ष 2014 में उन्होंने चुनाव जीता तो समर्थकों की उम्मीदें एक बार फिर बढ़ गईं। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भी राव को राज्य मंत्री ही बनाया गया। गत लोकसभा चुनावों तक राव की सीनियरटी और बढ़ चुकी थी, परंतु भाजपा सरकार में उन्हें कैबिनेट में जगह नहीं दी गई। इसके कई कारण हो सकते हैं। मोदी सरकार के पिछले कार्यकाल में राव के राजनीतिक विरोधी माने जाने वाले भूपेंद्र यादव को कैबिनेट मंत्री बनाया गया था। इससे राव समर्थकों को भारी मायूसी का सामना करना पड़ था। इस बार राव हरियाणा से 6 बार संसद पहुंचने का रिकॉर्ड बना चुके हैं। ऐसे में उनके समर्थकों को कैबिनेट में जगह दिए जाने की पूरी उम्मीद नजर आ रही हैं।

### विस चुनावों में मिल सकता है फायदा

लोकसभा चुनावों में प्रदेश भर में कांग्रेस के बढ़े हुए वोट प्रतिशत ने आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए भाजपा के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। दक्षिणी हरियाणा लगभग हर विधानसभा चुनाव में प्रदेश में सरकार का गठन करने में बड़ी भूमिका अदा करता है। इस क्षेत्र में राव इंद्रजीत सिंह का व्यापक जनाधार है। इसका प्रमाण लोकसभा चुनावों में भी पार्टी के शीर्ष नेता देख चुके हैं। ऐसे में अगर राव को कैबिनेट में जगह मिलती है, तो वह आगामी विधानसभा चुनावों में इस क्षेत्र में भाजपा को मजबूती देने के लिए पूरी ताकत लगा सकते हैं।

### एसकेजी की छात्राओं ने पाई नीट में सफलता





कोसली। एनटीए की ओर से घोषित नीट यूजी के परीक्षा परिणाम में एसकेजी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भाकली की छात्राओं ने सफलता का परचम लहराया है। छात्रा साक्षी गांव भाकली-2 ने 720 में से 676 अंक तथा रिचा यादव गांव लुखी ने 662 अंक प्राप्त करके विद्यालय अपने माता-पिता व गांव का नाम रोशन किया है।

**सूचना**

मैं, बजरंग पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम टांकडी तहसील बावल जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मेरी धर्मपत्नी बंटीरानी मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**खबर संक्षेप**

### महिला व परिजनों के साथ मारपीट, दो पर केस

**बावल।** खुर्मपुर में एक महिला व उसके परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करने व ईको गाड़ी क्षतिग्रस्त करने के आरोप में पुलिस ने गांव के दो लोगों पर केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस बयान में बिमला देवी ने बताया कि उसका बेटा बिरेंद्र अपनी बहन और जीजा को छोड़ने के लिए ईको गाड़ी से जा रहा था। जब वह गाड़ी स्टार्ट करने लगा तो पड़ोस में रहने वाले कृष्ण और मोनू वहां आ गए। बिमला ने आरोप लगाया कि दोनों ने उसके व उसके बेटे के साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों उनके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। उसकी बेटी और दामाद बचाव करने के लिए उनके साथ भी मारपीट की। आसपास के लोगों ने वहां आकर उनका बचाव करते हुए उन्हें अस्पताल पहुंचाया। इन लोगों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। उनके बीच बातचीत सिरे नहीं चढ़ने के बाद पुलिस ने 17 मई को केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने गुरूग्राम के दौलताबाद निवासी हेमंत को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### एकजुट होकर चुनावों की तैयारी में जुटें

**रेवाड़ी।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं को एकजुट होकर विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुट जाना चाहिए। एक बयान में विद्रोही ने कहा कि लोकसभा चुनावों में प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को 47 फीसदी से अधिक वोट देकर अपनी मंशा जाहिर कर दी है। आगामी सरकार कांग्रेस की बनना तय हो गया है। इसके लिए कांग्रेसी नेताओं को एकजुट होकर जनता के बीच जाना होगा। उन्हें आपसी मतभेद भुलाकर पार्टी हित में संगठित होना होगा।

### दो युवकों से मारपीट के आरोप में केस दर्ज

**रेवाड़ी।** इंद्रा कॉलोनी में दो युवकों के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस कई युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। छिपटवाड़ा निवासी आकाश शर्मा ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह वह अपने दोस्त लोकेश व एकलव्य के साथ नसियाजी रोड पर स्वीमिंग पूल में नहाने के लिए गया था। वहां स्वीमिंग पुल में पहले से नहा रहे कुछ युवकों के साथ उसकी कहासुनी हो गई। उन्होंने कहा कि झगड़े को निपटाना है तो इंद्रा कॉलोनी में आना। शाम के समय वह वह बाइक लेकर दोस्तों के साथ इंद्रा कॉलोनी चला गया। उसने आरोप लगाया कि वहां पहले से मौजूद विशु, दीपांशु, चंदन व चार-पांच अन्य युवकों ने उनके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। इन लोगों ने लोकेश के साथ ज्यादा मारपीट की, जिससे वह घयल होकर जमीन पर गिर गया। एक राहगीर ने उसे ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

## उत्तर-पश्चिम रेलवे की ओर से जारी किया गया शेड्यूल

# एक जुलाई से नियमित गाड़ी संख्या से संचालित होंगी स्पेशल ट्रेनें

■ यह जानकारी उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेलवे की ओर से 1 जुलाई से 50 जोड़ी स्पेशल रेलसेवाओं को नियमित गाड़ी संख्या से संचालित किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि अब 50 जोड़ी स्पशल ट्रेनों का नियमित गाड़ी संख्या से संचालित करने का शेड्यूल जारी कर दिया गया है।

**बठिण्डा-रेवाड़ी-बठिण्डा स्पेशल ट्रेन का नंबर बदला**

गाड़ी संख्या 04701/04702 बठिण्डा-लालगढ-बठिण्डा स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54701/54702 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04703/04704 बठिण्डा-जयपुर-बठिण्डा स्पेशल रेलसेवा गाड़ी संख्या 54703/54704 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04753/04754 बठिण्डा-श्रीगंगानगर-बठिण्डा स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 54753/54754 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04755/04756 बठिण्डा-श्रीगंगानगर-बठिण्डा स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 54755/54756 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04759/04760 श्रीगंगानगर-सूरतगढ-श्रीगंगानगर स्पेशल रेलसेवा अब गाड़ी संख्या 54759/54760 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04761/04762 श्रीगंगानगर-सूरतगढ-श्रीगंगानगर स्पेशल ट्रेन अब गाड़ी संख्या 54761/54762 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04763/04764 सादुलपुर-श्रीगंगानगर-सादुलपुर स्पेशल रेलसेवा अब गाड़ी संख्या 54763/54764 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04765/04766 धुरी-बठिण्डा-धुरी स्पेशल ट्रेन अब गाड़ी संख्या 54765/54766 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04781/04782 बठिण्डा-रेवाड़ी-बठिण्डा स्पेशल रेलसेवा अब गाड़ी संख्या 54781/54782 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04785/04786 फिरोजपुर-फाजिल्का-फिरोजपुर स्पेशल ट्रेन अब गाड़ी संख्या 54785/54786 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04787/04788 भिवानी-रेवाड़ी-भिवानी स्पेशल ट्रेन अब गाड़ी संख्या 54787/54788 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04789/04790 रेवाड़ी-बीकानेर-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा अब गाड़ी संख्या 54789/54790 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04793/04794 सवाईमाधोपुर-मथुरा-सवाईमाधोपुर स्पेशल ट्रेन अब गाड़ी संख्या 54793/54794 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04803/04804 सीकर-रेवाड़ी-सीकर स्पेशल ट्रेन अब गाड़ी संख्या 54803/54804 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04825/04826 जैसलमेर-जोधपुर-जैसलमेर स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 74843/74844 से संचालित होगी।

### हिसार-रेवाड़ी-हिसार स्पेशल ट्रेन को मिली नई संख्या

गाड़ी संख्या 04883/04884 मेडता सिटी-मेडता रोड-मेडता सिटी स्पेशल ट्रेन अब नियमित गाड़ी संख्या 74811/74812 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 09601/09602 उदयपुर-चित्तौडगढ-उदयपुर स्पेशल ट्रेन अब नियमित गाड़ी संख्या 59605/59606 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 09605/09606 अजमेर-जयपुर-अजमेर स्पेशल ट्रेन अब गाड़ी संख्या 79601/79602 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 09607/09608 अजमेर-पुष्कर टर्मिनस-अजमेर स्पेशल ट्रेन अब गाड़ी संख्या 59607/59608 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 09611/09612 उदयपुर-बडी सादडी-उदयपुर स्पेशल ट्रेन अब गाड़ी संख्या 59603/59604 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 09613/09614 उदयपुर-बडी सादडी-उदयपुर स्पेशल रेलसेवा अब गाड़ी संख्या 59609/59610 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 09615/09616 अजमेर-मारवाड जं.-अजमेर स्पेशल ट्रेन अब गाड़ी संख्या 59601/59602 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 09629/09630 जयपुर-फुलेरा-जयपुर स्पेशल ट्रेन अब गाड़ी संख्या 59629/59630 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 09631/09632 हिसार-रेवाड़ी-हिसार स्पेशल ट्रेन अब गाड़ी संख्या 59631/59632 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 09695/09696 मारवाड जं.-खामली घाट-मारवाड जं. स्पेशल ट्रेन अब गाड़ी संख्या 52075/52076 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 09743/09744 सूरतगढ-अनुपगढ-सूरतगढ स्पेशल ट्रेन अब गाड़ी संख्या 59708/59707 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 09745/09746 सूरतगढ-अनुपगढ-सूरतगढ स्पेशल रेलसेवा अब गाड़ी संख्या 59710/59709 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 09747/09748 सूरतगढ-अनुपगढ-सूरतगढ स्पेशल ट्रेन अब नियमित गाड़ी संख्या 59732/59731 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 09749/09750 सूरतगढ-बठिण्डा-सूरतगढ स्पेशल ट्रेन अब गाड़ी संख्या 59712/59711 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 09751/09752 सूरतगढ-अनुपगढ-सूरतगढ स्पेशल ट्रेन अब गाड़ी संख्या 59734/59733 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 05835/05836 मंदसौर-उदयपुर-मंदसौर स्पेशल रेलसेवा अब गाड़ी संख्या 59835/59836 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04171/04172 मथुरा-अलवर-मथुरा स्पेशल ट्रेन अब गाड़ी संख्या 51971/51972 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04173/04174 मथुरा-जयपुर-मथुरा स्पेशल ट्रेन अब गाड़ी संख्या 51973/51974 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 01911/01912 ईदगाह-बांदीकुई-ईदगाह स्पेशल ट्रेन अब गाड़ी संख्या 64619/64620 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 01903/01904 ईदगाह-बांदीकुई-ईदगाह स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 64621/64622 से संचालित होगी।



रेवाड़ी। रेवाड़ी रेलवे जंक्शन से गुजरते हुए यात्री ट्रेन। फोटो : हरिभूमि

### जोधपुर-बाड़मेर-जोधपुर ट्रेन को मिले नए नंबर

गाड़ी संख्या 04827/04828 परबतसर-मकराना-परबतसर स्पेशल ट्रेन अब नियमित गाड़ी संख्या 74845/74846 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04831/04832 बीकानेर-चूरू-बीकानेर ट्रेन अब नियमित गाड़ी संख्या 74831/74832 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04839/04840 जोधपुर-बाड़मेर-जोधपुर ट्रेन अब गाड़ी संख्या 74839/74840 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04841/04842 जोधपुर-भीलडी-जोधपुर ट्रेन अब गाड़ी संख्या 74841/74842 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04843/04844 जोधपुर-बाड़मेर-जोधपुर ट्रेन अब गाड़ी संख्या 54813/54814 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04845/04846 जोधपुर-बिलाडा-जोधपुर ट्रेन अब गाड़ी संख्या 54825/54826 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04847/04848 रतनगढ-सरदारशहर-रतनगढ ट्रेन अब गाड़ी संख्या 74851/74852 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04855/04856 बीकानेर-रतनगढ-बीकानेर ट्रेन अब गाड़ी संख्या 74855/74856 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04857/04858 सीकर-चूरू-सीकर ट्रेन अब गाड़ी संख्या 74857/74858 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04859/04860 सीकर-चूरू-सीकर ट्रेन अब गाड़ी संख्या 74859/74860 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04861/04862 जयपुर-चूरू-जयपुर ट्रेन अब गाड़ी संख्या 74861/74862 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04867/04868 रतनगढ-सरदारशहर-रतनगढ ट्रेन अब गाड़ी संख्या 74853/74854 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04869/04870 रतनगढ-सरदारशहर-रतनगढ ट्रेन अब गाड़ी संख्या 74849/74850 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04871/04872 मेडता सिटी-मेडता रोड-मेडता सिटी ट्रेन अब गाड़ी संख्या 74801/74802 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04881/04882 बाड़मेर-मुनाबाव-बाड़मेर स्पेशल रेलसेवा अब नियमित गाड़ी संख्या 54881/54882 से संचालित होगी।

# संस्था ने सहारनवास के स्वर्ग आश्रम में लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चेयरमैन गुरविंदर सिंह वाधवा के मार्गदर्शन में एक कदम मानवता की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान के तीसरे दिन स्वर्ग आश्रम सहारनवास में पौधरोपण किया गया। सीजेएम अमित वर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर उनकी देखभाल करें। प्लास्टिक व पॉलीथिन का प्रयोग बिल्कुल न करें। बाजार से सामान लाने के लिए कपड़े के थैले का इस्तेमाल करें, क्योंकि पॉलीथिन पर्यावरण के लिए बेहद खतरनाक है। संस्था अध्यक्ष राकेश भार्गव ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण प्रदूषण एक बेहद चिंताजनक विषय है। संस्था संस्थापक प्रियंका यादव ने कहा कि पेड़ों के अभाव में वर्तमान में तापमान बढ़ने के साथ भीषण गर्मी पड़ रही है, जिसकों नियंत्रण में लाने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने होंगे। एडवोकेट गोपेश नारायण ने मुहिम में जुड़ने के लिए सभी का आभार जताया। इस मौके पर अनुज भार्गव, धवन सुल्तानिया, अभिनव, उमेश, सचिन व नीरज मौजूद थे।



रेवाड़ी। स्वर्ग आश्रम में पौधरोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### यादव सभा का फ्री चिकित्सा शिविर कल

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 9 जून को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। कैंप में मरीजों को ओ पी डी सेवाओं के साथ नि : शु ल्क दवाइयां भी प्रदान की जाएगी। सभा के प्रवक्ता प्रोफेसर सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डॉ. विक्रम यादव मेडिसिन, डॉ. सिद्धार्थ यादव हड्डीरोग, डॉ. प्रदीप यादव सर्जरी, डॉ. योगेन्द्र यादव चर्मरोग, डॉ. कंचन यादव नेत्ररोग व डॉ. सुमन यादव स्त्रीरोग के मरीजों को परामर्श देंगे। कैंप में सूरजी यादव डायग्नोस्टिक सेंटर की ओर से अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन, एमआरआई स्कैन व एक्सरे तथा डॉ. गजेंद्र यादव पैथ लैब की ओर से ब्लड टेस्टिंग की सुविधा दी जाएंगी।

■ कैंप में मरीजों को ओपीडी सेवाओं के साथ नि :शुल्क दवाइयां भी दी जाएगी

# लिव-इन रिलेशन में रह रही युवती से मारपीट

## पार्टनर सहित चार पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

■ पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उनकी तलाश शुरू कर दी

बावल की एक कंपनी में काम करने वाली युवती ने लिव-इन रिलेशनशिप में साथ रहे युवक सहित चार लोगों के खिलाफ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दर्ज शिकायत में मूल रूप से यूपी की रहने वाली युवती ने बताया कि वह तीन साल से मॉडल टाउन एरिया की कॉलोनी में यूपी निवासी प्रेम नंदन के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही है। जब वह महासिंह चौक की ओर जा रही थी तो उसे रास्ते में प्रेम नंदन से लड़की के साथ घूमता हुआ नजर आया। उसने लड़की के बारे में पूछताछ शुरू की, तो प्रेम नंदन ने उसके साथ झगड़ा करना शुरू कर दिया। युवती ने आरोप लगाया कि बाद में प्रेम नंदन अपने दोस्तों नीरज, विनय व मनीष को लेकर मकान पर आ गया। इन लोगों ने उसके साथ मारपीट करते हुए मारने के लिए मुंह में डिटोल डाल दी। शोर मचाने पर उसकी सहेली ने वहां आकर उसे बचाया। बाद में उसी ने उसे अस्पताल में दाखिल कराया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उनकी तलाश शुरू कर दी।

### कमरे से मोबाइल फोन और नकदी चोरी

**रेवाड़ी।** सुबासेड़ी में अपने कमरे में सो रहे एक किसान का मोबाइल फोन व अलमारी से 15 हजार रुपये चोरी हो गई। पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर दो युवकों पर चोरी का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

पुलिस को दर्ज शिकायत में धर्मवीर ने बताया कि वह अपने कुएं पर बने मकान में परिवार के साथ रहता है। रात को खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में सो गया। उसका मोबाइल फोन चारपाई पर रखा हुआ था। सुबह जब उसकी नींद खुली तो मोबाइल फोन गायब मिला। उसने अलमारी खोलकर चेक की तो उसमें से भी 15 हजार रुपये गायब मिले। उसने घर से कुछ दूरी पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की तो उसके जैतपुर गुर्जर निवासी सचिन व मोनू साफ दिखाई दिए।

# शिक्षक कर रहा स्कूल के पौधों की देखभाल



रेवाड़ी। पेड़-पौधों में पानी देते हुए शिक्षक सुरेश कुमार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजकीय माध्यमिक विद्यालय सुंदरोज में कार्यरत पर्यावरण प्रेमी अध्यापक सुरेश कुमार ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान प्रतिदिन विद्यालय जाकर पौधों को पानी देकर उनको संरक्षण प्रदान कर रहे हैं। विज्ञान अध्यापक महेश कुमार ने बताया कि इस समय सभी बच्चे व अध्यापक छुट्टियों का लुत्फ उठा रहे हैं। ऐसे में पर्यावरण प्रेमी अध्यापक सुरेश कुमार दिव्यांग होने के बावजूद अपनी लगन व मेहनत से विद्यालय के 400 पौधे जीवित रख उनकी लगातार देखभाल कर कर रहे है। अध्यापक सुरेश अपने पिछले विद्यालयों बवाना गुर्जर व बोहतवास अहीर में भी सैकड़ों पौधे लगा चुके हैं, जो आज वृक्ष बन चुके हैं। उन्होंने इस बार विद्यालय में 200 पौधे लगाने का लक्ष्य लिया हुआ है।

# तहसील के पीछे खाली जमीन में पड़े कबाड़ में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शुक्रवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित तहसील परिसर के पीछे रखे कबाड़ में अचानक आग लग गई। धुंआ फैलने के बाद आग का पता लगा। सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया। तहसील परिसर के पीछे खाली जमीन में कबाड़ बन चुके सालों पुराने व्हीकल और अन्य सामान रखा हुआ है। इससे जुड़ा मामला कोर्ट में विचाराधीन होने के कारण एक कबाड़ की रखवाली के लिए दो पुलिसकर्मियों की भी ड्यूटी लगी हुई है। शुक्रवार की दोपहर अचानक कबाड़ से धुआं उठता हुआ दिखाई दिया। इसके बाद तुरंत दमकल विभाग को सूचित किया गया। तहसील के आसपास बने मकानों से पाइप के जरिए पानी की बौछार की गई। कुछ देर बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मचारियों ने आग पर समय रहते काबू पा लिया, वरना आग की चपेट में तहसील परिसर की अन्य बिल्डिंग भी आ सकती है।



रेवाड़ी। तहसील परिसर के पीछे आग लगने से उठता धुआं।



रेवाड़ी। सैनी मोहल्ले में सीवर से निकाली गई गंदगी। फोटो : हरिभूमि

# सीवर ब्लॉक होने के कारण सैनीपुरा के लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

नगरपालिका अधिकारियों की उदासीनता के कारण लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं से परेशानी उठानी पड़ रही है। विभाग समस्या का निवारण समय पर नहीं कर रहा हैं। ग्रामीणों ने बताया गंदे पानी की निकासी नहीं हो रही है। कौशल्या मोहल्ला सैनी पुरा में नाला गंदगी से अटा हुआ है। सीवर भी समय पर साफ नहीं किए जा रहे है, जिससे ओवरफ्लों होकर सड़क पर गंदा पानी जमा हो रहा है। सैनी पुरा मोहल्ले के सीवर कई दिनों से रुके हुए है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से सीवरों की समय पर सफाई कराने की मांग की है।

### एसबीआई कोसली के प्रबंधक व सह प्रबंधक का तबादला, स्टाफ ने दी विदाई



**कोसली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा कोसली के प्रबंधक व सह प्रबंधक के स्थानांतरण पर स्टॉफ की ओर से विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। शाखा प्रबंधक महेश कुमार यादव को रेवाड़ी की धारूहेड़ा चुंगी में शाखा प्रबंधक लगाया गया है व सहायक प्रबंधक रक्षित कुमार को रोहतक शाखा में भेजा गया है। कोसली शाखा के कर्मचारियों ने शाखा प्रबंधक महेश कुमार के एक वर्ष के कार्यकाल व उनकी कार्यशैली की सराहना की और कहा कि कोसली शाखा को ऊंचाईयों की ओर ले जाने का श्रेय प्रबंधक महेश कुमार यादव के स्वभाव व कार्य प्रणाली को जाता है। शाखा प्रबंधक ने उपभोक्ताओं को बैंकिंग सुविधा प्रदान करने का निरंतर प्रयास किया। स्टाफ की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस अवसर पर कृष्ण पाल, सतीश कुमार, राहुल यादव, देव्पल यादव, सतबीर यादव, रेखा रानी, कुसुम राव, सुनीता देवी, मुकेश कुमार व वी सत्य प्रकाश मौजूद थे।

**मांग** | वर्ष 2015 में गांव में दिशासूचक बोर्ड लगवाए गए थे, जो अब अस्तित्व में नही है

# खरखड़ा में पीडब्ल्यूडी विभाग ने लगाए सांकेतिक बोर्ड, अब पंचायत की बारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

दिल्ली-जयपुर हाइवे स्थित गांव खरखड़ा के मुख्य मार्गों पर पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से सांकेतिक बोर्ड लगा दिए गए है। गांव खरखड़ा स्थित शिक्षण व अन्य सरकारी कार्यालयों के साथ ही दर्जनों गांवों को जाने वाले लिंक रोड़, चौपाल व आंगनबाड़ी केंद को दर्शाने व उन तक पहुंच के लिए दिशासूचक बोर्ड लगवाने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश खरखड़ा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, चीफ सेक्रेटरी हरियाणा सहित पीडब्ल्यूडी, एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड व पंचायत विभाग के अधिकारियों को पत्र भेजकर मांग की गई थी, जिस पर पीडब्ल्यूडी विभाग मुख्यालय ने सांकेतिक बोर्ड लगा दिए गए है।

प्रकाश खरखड़ा ने बताया कि दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गांव खरखड़ा का क्षेत्रफल काफी बड़ा है। राष्ट्रीय राजमार्ग से लेकर गांव की मुख्य आबादी तक पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से सड़क निर्माण भी किया हुआ है। गांव भटसाना, ततारपुर और नन्दरामपुर बास को भी लिंक रोड खरखड़ा से जोड़ा गया है। गांव में साउथ रेंज आईजी कार्यालय पुलिस विभाग, महाविद्यालय, राजकीय विद्यालय, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, प्राचीन ठाकुरजी मंदिर, हनुमान मंदिर, पंचायत सचिवालय, व्यायामशाला, राजकीय आईटीआई, 33 केवी पावर स्टेशन व 9.5 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट सहित कई चौपाल, आंगनबाड़ी केंद और एक मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूल भी बना हुआ है। प्रकाश ने बताया की वर्ष 2015 में गांव में दिशासूचक बोर्ड लगवाए गए थे, जो अब अस्तित्व में नही है।




रेवाड़ी। गांव खरखड़ा में लगाए गए सांकेतिक बोर्ड। फोटो : हरिभूमि

### अब पंचायत व मार्केटिंग बोर्ड की बारी

पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से अपने कार्य क्षेत्र में सांकेतिक बोर्ड लगा दिए गए है। अब पंचायत विभाग व एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड की ओर से भी सांकेतिक बोर्ड जल्द लगाए जाने की कार्यवाही की जाएगी। अधिकारियों को बोर्ड लगाने के लिए पत्र भेजे हुए है।